रोहिल्ला और दिल्ली कैंट की तर्ज यात्री सफर करते हैं।

जो अब अंतिम चरण में है। दावा

मेंटीनेंस सुविधा शुरू हो जाएगी।

**#newsystem** देश में पहली बार जयपुर में 24x7 ऑटोमेटेड लॉस्ट एंड फाउंड सिस्टम

# एयरपोर्ट पर एआइ जासूस एक्टिव

## लगेज कब, कैसे, कहां गुम हुआ...बता देगा


पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com


**जयपुर.** सामान गुम होना जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर अब उतनी बड़ी समस्या नहीं रही, क्योंकि एआइ ने कमान संभाल ली है और ढूंढने में होने वाली माथापच्ची अब खत्म हो गई है। ऑटोमेटेड लॉस्ट एंड फाउंड सिस्टम ऐसे काम करता है जैसे कोई डिजिटल जासूस हो। फोटो डालो, विवरण लिखो और सिस्टम तुरंत बता देता है कि आपका बैग कब, कहां और किस कोने में है। मतलब अब एयरपोर्ट एआइ तकनीक बोलेगी-'आपका सामान मिल गया है, कृपया काउंटर पर आएं।'

### यूं काम करेगी तकनीक

**एयरपोर्ट** परिसर में मिलने वाले हर सामान की पूरी जानकारी सिस्टम में दर्ज की जाती है। इसमें सामान की फोटो, विवरण, मिलने की जगह, तारीख और समय शामिल होता है। इसके बाद सामान को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार व्यक्तिगत रूप से सुरक्षित रखा जाता है। जैसे ही कोई यात्री एयरपोर्ट की वेबसाइट, ऐप या व्यक्तिगत रूप से अपने सामान के गुम होने की रिपोर्ट दर्ज करता है, तो उसके द्वारा अपलोड की गई फोटो या बेसिक विवरण को सिस्टम में डालते ही एआइ पावर्ड कैमरे तुरंत मिलान कर बताते हैं कि सामान कब, कहां और किस स्थान पर मिला है और कहां रखा हुआ है।

*अब एआइ की मदद से तुरंत मिलेगा एयरपोर्ट परिसर में गुम सामान*



### 85% से अधिक खोया सामान, मिलाया

**एयरपोर्ट** प्रबंधन के अनुसार, ऑटोमेटेड लॉस्ट एंड फाउंड सिस्टम को विकसित हुए करीब तीन महीने हो चुके हैं। ट्रायल फेज में इसकी मदद से 85% से अधिक खोया हुआ सामान यात्रियों तक वापस पहुंचाया जा चुका है। प्रबंधन का दावा है कि देश में सबसे पहले यह सुविधा जयपुर एयरपोर्ट पर शुरू की गई है। यहां लॉस्ट एंड फाउंड सेवा 24 घंटे उपलब्ध रहेगी। उनका कहना है कि, हर महीने बड़ी संख्या में लोगों की इस तरह की शिकायतें मिलती हैं।

# कोहरा ऐसा कि ट्रेनें भी रास्ता पूछने लगीं...

**जयपुर.** उत्तर भारत में घने कोहरे और खराब मौसम का असर बुधवार को भी रेल और हवाई यातायात पर साफ दिखाई दिया। दिल्ली की ओर से आने वाली शताब्दी, वंदे भारत समेत कई ट्रेनें घंटों देरी से जयपुर पहुंचीं। ऐसे में एंटी फाग डिवाइस बेअसर साबित हो रही है। वहीं, जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर चेन्नई जाने वाली फ्लाइट को ऐनवक्त पर रद्द कर दिया गया। करीब एक दर्जन उड़ानें देरी से संचालित हुईं। हालात के चलते यात्रियों को लंबा इंतजार और भारी परेशानी झेलनी पड़ी।

### एयरपोर्ट पर भी बिगड़ा शेड्यूल

**जयपुर** इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर सुबह 9:55 बजे चेन्नई जाने वाली इंडिगो एयरलाइन की फ्लाइट को ऑपरेशनल कारणों से ऐनवक्त पर रद्द कर दिया गया। इंडिगो की अहमदाबाद से दोपहर 12:10 बजे आने वाली फ्लाइट आधा घंटे और एयर इंडिया की दिल्ली से दोपहर 12:45 बजे आने वाली फ्लाइट पौने घंटे की देरी से पहुंची। एयर एशिया की कुआलालंपुर से रात 9:20 बजे और इंडिगो की लखनऊ से रात 9:10 बजे आने वाली फ्लाइट एक-एक घंटे की देरी से जयपुर पहुंचीं। वहीं, जयपुर से लखनऊ, मुंबई और दिल्ली जाने वाली कई फ्लाइट्स भी आधा-आधा घंटे की देरी से रवाना हुईं। इसके अलावा एअर इंडिया एक्सप्रेस की शाम 6:25 बजे दिल्ली जाने वाली फ्लाइट ढाई घंटे की देरी से रवाना हुई।

### घंटों देरी से पहुंचीं कई ट्रेनें

*रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार* जयपुर जंक्शन पर आला हजरत एक्सप्रेस 3 घंटे 37 मिनट, उदयपुर सिटी वीकली एक्सप्रेस 3 घंटे 13 मिनट और पोरबंदर एक्सप्रेस 2 घंटे 41 मिनट की देरी से पहुंची। मरूधर एक्सप्रेस 1 घंटे 48 मिनट की देरी से आई। वहीं, मुरादाबाद जंक्शन ट्रेन, रानीखेत एक्सप्रेस, मालानी एक्सप्रेस और शताब्दी एक्सप्रेस करीब 1 घंटे 14 मिनट की देरी से पहुंचीं। अजमेर गरीब नवाज एक्सप्रेस 1 घंटे 8 मिनट और आश्रम एक्सप्रेस 1 घंटे की देरी से स्टेशन पर पहुंची। ट्रेनों की लेटलतीफी से दूरदराज से आने वाले यात्रियों को सबसे ज्यादा दिक्कत हुई।